62

# दिनॉक 17.01.2023 को जिलाधिकारी महोदय सीतापुर की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन की बैठक का कार्यवृत्त

जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में जनपद सीतापुर के सभी ग्राम पंचायतों में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत हर घर जल उपलब्ध कराने हेतु जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गयी जिसमें निम्न अधिकारी/सदस्य उपस्थित रहे :–

1– श्री अक्षत वर्मा, मुख्य विकास अधिकारी, सीतापुर।
2– श्री हरिश्चन्द्र प्रजापति, जिला विकास अधिकारी, सीतापुर।
3– श्री आलोक पटेल, अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0 प्र0 जल निगम(ग्रामीण), सीतापुर।
4– श्री विशाल पोरवाल, अधिशासी अभियन्ता, सीतापुर प्रखण्ड, शारदा नहर, सीतापुर।
5– जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, सीतापुर।
6– श्री मनोज कुमार, जिला पंचायत राज अधिकारी, सीतापुर।
7– श्री सुनील कुमार शुक्ला, सेन्सिस टेक लि0 (टी0पी0आई एजेन्सी), सीतापुर।
8– श्री संगम लाल यादव, डी0पी0एम0यू0, सीतापुर।
9– श्री एल0 चन्द्रशेखर राव, मे0 एन0सी0सी0 लि0, सीतापुर।
10– श्री आशुतोष मोहन्ती, मे0 एल0 एण्ड टी0 लि0, सीतापुर।
11– श्री सौरभ वर्मा, शिक्षा भारती(आई0एस0ए0)।
12– श्री पी0के0 गुप्ता, हेल्पिंग यूथ फाउन्डेशन(आई0एस0ए0)।
13– श्री ललित कुमार मिश्रा, नागेश्वर जन कल्याण समिति(आई0एस0ए0)।
14– श्री सन्दीप श्रीवास्तव, नवनीत फाउन्डेशन(आई0एस0ए0)।
15– श्री ललितेन्द्र त्रिपाठी, निदान सामाजिक संस्थान (आई0एस0ए0)।
16– श्री राज किशोर, नव चेतना विकास समिति(आई0एस0ए0)।
17– श्री दीपक कुमार शुक्ला, उजाला वेलफेयर सोसाइटी।

सर्वप्रथम बैठक में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत मे0 एल0 एण्ड टी0 एवं मे0 एन0सी0सी0 द्वितीय–फेज एवं तृतीय–फेज को आवंटित ग्रामों की भौतिक प्रगति, भूमि प्रस्ताव, कवर एग्रीमेन्ट, ट्राईपाट्रीट एग्रीमेन्ट तथा डी0पी0आर0 की समीक्षा की गयी, स्थिति निम्नवत् है:–

**मे0 लार्सन एण्ड टूब्रो, लि0–**

1– अध्यक्ष महोदय द्वारा मे0 लार्सन एण्ड टूब्रो लि0 को प्रत्येक योजनाओं जिनमें वितरण प्रणाली का कार्य किया जा चुका है। उन योजनाओं में एफ0एच0टी0सी0 की प्रगति बढ़ाने हेतु कम से कम दो टीम एफ0एच0टी0सी0 कार्य हेतु लगाने के निर्देश दिये एवं प्रतिसप्ताह कम से कम 7500 नग एफ0एच0टी0सी0 का कार्य करने एवं आई0एम0आई0एस0 पोर्टल पर फीडिंग करने के निर्देश दिये गये।

2– अध्यक्ष महोदय द्वारा मे0 लार्सन एण्ड टूब्रो लि0 को निर्देश दिये गये कि एस0एल0एस0एस0सी0 द्वारा अनुमोदित डी0पी0आर0 जिनका ट्राईपाट्रीट एग्रीमेन्ट अभी पूर्ण नहीं किया गया है उन योजनाओं के ट्राईपाट्रीट एग्रीमेन्ट पूर्ण कर कवर एग्रीमेन्ट बनाना सुनिश्चित करें, जिससे कि कार्य शीघ्र प्रारम्भ किये जा सके।

Scanned by CamScanner

3– अध्यक्ष महोदय द्वारा मे0 लार्सन एण्ड टूब्रो लि0 को फेज–2 के समस्त डी0पी0आर0 जो संशोधन हेतु फर्म को वापस किये गये है, वे समस्त डी0पी0आर0 एक सप्ताह के भीतर प्रत्येक दशा में प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया।

4– मे0 लार्सन एण्ड टूब्रो लि0 को निर्देशित किया गया कि जहॉ ट्यूबवेल का कार्य किया जा चुका है वहॉ पर कम्प्रेशर, ओ0पी0 यूनिट चलाते हुये सोलर प्लान्ट अधिष्ठापन की कार्यवाही तत्काल पूर्ण की जाये।

5– अध्यक्ष महोदय द्वारा मे0 लार्सन एण्ड टूब्रो लि0 को निर्देशित किया गया जिन ग्राम पंचायतों में पाइप लाइन डालने के बाद हाइड्रो टेस्ट एवं गृह संयोजन की कार्यवाही पूर्ण कर ली गयी है, वहॉ पर रोड रीस्टेटमेन्ट का कार्य तुरन्त करा दिया जाय, जिससे राहगीरों एवं ग्राम वासियों को किसी भी समस्या का सामना न करना पड़े।

6– अध्यक्ष महोदय द्वारा मे0 लार्सन एण्ड टूब्रो लि0 को निर्देशित किया गया कि जिन योजनाओं में ट्यूबवेल, सोलर प्लान्ट, पम्प हाउस, अवर जलाशय, पाइप लाइन, गृह संयोजन इत्यादि के कार्य पूर्ण कर लिये गये है, वहॉ पर ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल की आपूर्ति प्रतिदिन करायी जाय।

7– अधिशासी अभियन्ता महोदय द्वारा अवगत कराया गया कि मे0 लार्सन एण्ड टूब्रो लि0 को आवंटित योजनाओं को ससमय पूर्ण करने हेतु आवश्यक मशीनरी (रिग मशीन–21, कम्प्रेशर–29, ओ0पी0 यूनिट–32) के सापेक्ष मात्र रिग मशीन–20, कम्प्रेशर–12, ओ0पी0 यूनिट–08 लगायी गयी है एवं कुल 1140 नग मैनपावर लगायी गयी है। जिसमें से मात्र 143 नग मैनपावर (50 गैंग) एफ0एच0टी0सी0 कार्य हेतु लगायी गयी है। जिस पर अध्यक्ष महोदय द्वारा मे0 लार्सन एण्ड टूब्रो लि0 को निर्देशित किया गया कि मैनपावर 5 गुना एवं आवश्यक मशीनरी बढाते हुये कार्यों में तेजी लाये, जिससे की गृह संयोजनों की संख्या बढ़े एवं समयान्तर्गत लक्ष्यों को प्राप्त किया जा सके।

**मै0 एन0सी0सी0 लि0–**

1– मे0 एन0सी0सी0 लि0 द्वारा 34 नग डी0पी0आर0 आज की बैठक में प्रस्तुत किये गये जिनकी तकनीकी स्वीकृति मुख्य अभियन्ता (ल0क्षे0) द्वारा प्रदान की जा चुकी है। सभी 34 नग डी0पी0आर0 का परीक्षण किया गया। परीक्षणोपरान्त समिति द्वारा 13 नग डी0पी0आर0 अनुमानित लागत रू0 5.00 करोड़ से कम होने के कारण अनुमोदित करते हुये एस0डब्ल्यू0एस0एम0 को अग्रेतर कार्यवाही हेतु प्रेषित करने का निर्णय लिया गया एवं 21 नग डी0पी0आर0 की अनुमानित लागत 5.00 करोड़ से अधिक होने के कारण अग्रेतर कार्यवाही हेतु एस0डब्ल्यू0एस0एम0 को प्रेषित करने का निर्णय लिया गया।

2– अध्यक्ष महोदय द्वारा मे0 एन0सी0सी0 लि0 को प्रत्येक योजनाओं जिनमें वितरण प्रणाली का कार्य किया जा चुका है। उन योजनाओं में एफ0एच0टी0सी0 की प्रगति बढ़ाने हेतु कम से कम दो टीम एफ0एच0टी0सी0 कार्य हेतु लगाने के निर्देश दिये एवं प्रतिसप्ताह कम से कम 7500 नग एफ0एच0टी0सी0 का कार्य करने एवं आई0एम0आई0एस0 पोर्टल पर फीडिंग करने के निर्देश दिये गये।

3– अध्यक्ष महोदय द्वारा मे0 एन0सी0सी0 लि0 को निर्देश दिये गये कि एस0एल0एस0एस0सी0 द्वारा अनुमोदित डी0पी0आर0 जिनका ट्राईपाट्रीट एग्रीमेन्ट अभी पूर्ण नहीं किया गया है उन योजनाओं के ट्राईपाट्रीट एग्रीमेन्ट पूर्ण कर कवर एग्रीमेन्ट बनाना सुनिश्चित करें, जिससे कि कार्य शीघ्र प्रारम्भ किये जा सके।

Scanned by CamScanner

66

4– अध्यक्ष महोदय द्वारा मे0 एन0सी0सी0 लि0 को फेज–2 के समस्त डी0पी0आर0 जो संशोधन हेतु फर्म को वापस किये गये है, वे समस्त डी0पी0आर0 एक सप्ताह के भीतर प्रत्येक दशा में प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया।

5– मे0 एन0सी0सी0 लि0 को निर्देशित किया गया कि जहॉ ट्यूबवेल का कार्य किया जा चुका है वहॉ पर कम्प्रेशर, ओ0पी0 यूनिट चलाते हुये सोलर प्लान्ट अधिष्ठापन की कार्यवाही तत्काल पूर्ण की जाये।

6– अध्यक्ष महोदय द्वारा मे0 एन0सी0सी0 लि0 को निर्देशित किया गया जिन ग्राम पंचायतों में पाइप लाइन डालने के बाद हाइड्रो टेस्ट एवं गृह संयोजन की कार्यवाही पूर्ण कर ली गयी है, वहॉ पर रोड रीस्टेटमेन्ट का कार्य तुरन्त करा दिया जाय, जिससे राहगीरों एवं ग्राम वासियों को किसी भी समस्या का सामना न करना पड़े।

7– अध्यक्ष महोदय द्वारा मे0 एन0सी0सी0 लि0 को निर्देशित किया गया कि जिन योजनाओं में ट्यूबवेल, सोलर प्लान्ट, पम्प हाउस, अवर जलाशय, पाइप लाइन, गृह संयोजन इत्यादि के कार्य पूर्ण कर लिये गये है, वहॉ पर ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल की आपूर्ति प्रतिदिन करायी जाय।

8– अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि मे0 एन0सी0सी0 लि0 द्वारा कुल 2251 नग मैनपावर लगायी गयी है, जिसमें से 255 नग (80 गैंग) एफ0एच0टी0सी0 कार्य हेतु लगायी गयी है। जिस पर अध्यक्ष महोदय द्वारा मे0 एन0सी0सी0 लि0 को निर्देशित किया गया कि मैनपावर 3 गुना बढाते हुये कार्यों में तेजी लाये, जिससे की गृह संयोजनों की संख्या बढ़े एवं समयान्तर्गत लक्ष्यों को प्राप्त किया जा सके।

**उजाला वेलफेयर सोसाइटी–**

1– मुख्य विकास अधिकारी महादेय द्वारा प्रशिक्षण के लिए चयनित किये जा रहे 13 लोगों की सूची पंचायत स्तर पर VWSC की बैठक कराने के उपरान्त पात्र लोगों की सूची बनाने हेतु निर्देश दिये गये।

2– मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा दिये जा रहे प्रशिक्षण की सूचना अधिशासी अभियन्ता को विकास खण्डवार उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये। अन्यथा की स्थिति में सूचना उपलब्ध न कराने के सम्बन्ध में अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ को अवगत कराने हेतु अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) सीतापुर को निर्देशित किये।

3– मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा उजाला वेलफेयर सोसाइटी द्वारा उपलब्ध करायी गयी सूची को Randomly Check करने हेतु डी0पी0एम0यू0, सीतापुर को निर्देशित किया।

**आई0एस0ए0–**

1– अध्यक्ष महोदय द्वारा समस्त आई0एस0ए0 प्रतिनिधियों से जल जीवन मिशन के अन्तर्गत कराये जा रहे कार्यों एवं एफ0एच0टी0सी0 लेने हेतु ग्रामीणों को प्रोत्साहित करने के सम्बन्ध में समीक्षा की गई परन्तु आई0एस0ए0 प्रतिनिधियों द्वारा कराये जा रहे कार्यों के सम्बन्ध में सही जानकारी न देने के कारण अध्यक्ष महोदय द्वारा आई0एस0ए0 द्वारा कराये जा रहे कार्यों पर असन्तोष व्यक्त किया गया एवं निर्देशित किया गया कि जल जीवन मिशन के कार्य को सुचारू रूप से सम्पादित कराने हेतु समस्त आई0एस0ए0 अपने दायित्वों का निर्वाहन ठीक प्रकार से करना सुनिश्चित करें।

2– अध्यक्ष महोदय द्वारा समस्त आई0एस0ए0 को निर्देशित किया गया कि एफ0एच0टी0सी0 की प्रगति बढ़ाने हेतु दोनों कार्यदायी फर्मों का सहयोग करें।

V.Pand

Scanned by CamScanner

59

3– अध्यक्ष महोदय द्वारा आई0एस0ए0 क्वार्डीनेटर को निर्देशित किया गया कि आई0एस0ए0 द्वारा की जा रही एक्टीविटी का वृहद स्तर पर मॉनीटरिंग करते हुये प्रतिदिन की सूचना अधिशासी अभियन्ता, जल निगम को प्रदान करे।

अन्त में अध्यक्ष महोदय द्वारा बैठक समाप्त करते हुए समस्त अधिकारियों, निर्माण हेतु कार्यदायी फर्मों (मे0 लार्सन एण्ड टूब्रो लि0 एवं मे0 एन0सी0सी0 लि0) टी0पी0आई0 एवं डी0पी0एम0यू0 को अपने–अपने दायित्वों को निर्धारित समय के अन्तर्गत पूर्ण गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने हेतु निर्देश दिये गये एवं दोनों कार्यदायी फर्मों को निर्देश दिये गये कि जिन पेयजल योजनाओं में एफ0एच0टी0सी0 का कार्य 80 प्रतिशत् से अधिक पूर्ण कर लिया गया है, उनको शीघ्र संतृप्त करना सुनिश्चित करें।

अधिशासी अभियन्ता,
खण्ड कार्यालय,
उ0 प्र0 जल निगम(ग्रामीण),
सीतापुर
(सदस्य सचिव)

अधिशासी अभियन्ता,
सीतापुर प्रखण्ड
शारदा नहर सीतापुर,
(सदस्य)

जिला बेसिक शिक्षा
अधिकारी सीतापुर
(सदस्य)

जिला पंचायत राज
अधिकारी,
सीतापुर (सदस्य)

जिला विकास अधिकारी,
सीतापुर (सदस्य)

मुख्य विकास अधिकारी,
सीतापुर (सदस्य)

जिलाधिकारी,
(अध्यक्ष)

पृ0 संख्याः 149 / M-45 /04 दिनॉक 21 /01 /2023

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1– जिला विकास अधिकारी, सीतापुर।
2– अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0 प्र0 जल निगम (ग्रामीण), सीतापुर।
3– जिला पंचायत राज अधिकारी, सीतापुर।
4– प्रोजेक्ट कार्पोरेशन सीतापुर।
5– सेन्सिस टेक लि0 (टी0पी0आई एजेन्सी), सीतापुर।
6– प्रोजेक्ट मैनेजर, मे0 लार्सन एण्ड टूब्रो, माउण्ट पूनामल्ली रोड, मनपक्कन,चेन्नई।
7– प्रोजेक्ट मैनेजर, मे0 एन0सी0सी0 लिमिटेड, एन0सी0 हाउस, 5वॉ तल, सर्वे नं0 64, मधापुर हैदराबाद।
8– डी0पी0एम0यू0।
9– समस्त आई0एस0ए0 सीतापुर।

अधिशासी अभियन्ता,
जल निगम (ग्रामीण),
(सदस्य सचिव)

Scanned by CamScanner